**मुख्य समाचार :–**

- पिछले वित्त वर्ष में भारत का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 14 प्रतिशत बढ़कर 81 अरब डॉलर से अधिक हुआ।
- केदारनाथ धाम की यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों को इस बार जाम से राहत मिल रही है।
- "फिट उत्तराखण्ड" पहल को कुमाऊं परिक्षेत्र की पुलिस सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रही है।
- प्रदेश में आज और कल उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, देहरादून, नैनीताल, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट।

**विदेशी निवेश**

भारत में वित्त वर्ष 2024–25 में 81 अरब 4 करोड़ डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ है। यह वित्त वर्ष 2023–24 के 71 अरब 28 करोड़ डॉलर की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि 2024–25 में कुल निवेश का सेवा क्षेत्र में सर्वाधिक 19 प्रतिशत, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर में 16 प्रतिशत तथा ट्रेडिंग में 8 प्रतिशत निवेश हुआ।

**केदारनाथ यातायात**

केदारनाथ धाम की यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों को इस बार जाम से राहत मिल रही है। पिछले वर्षों तक जहां यात्रा मार्ग में लगने वाले जाम से श्रद्धालुओं को मिनटों का सफर घंटों में तय करना पड़ता था, वहीं इस बार ऐसा कई भी नहीं देखने को मिल रहा है। जवाड़ी बाईपास से निकलकर तीर्थयात्री आसानी से सोनप्रयाग पहुंच रहे हैं। वहीं, रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन की ओर से जगह–जगह बनाई गई पार्किंग, तीर्थयात्रियों के लिए राहत देने का काम कर रही हैं।

इस बार केदारनाथ राजमार्ग पर जगह–जगह जहां जिला प्रशासन ने पार्किंगों का निर्माण किया है, वहीं राजमार्ग की बदहाल स्थिति को भी सुधारा गया है। राजमार्ग के फाटा में बीते करीब 11 सालों से राजमार्ग काफी संकरा होने के साथ ही पहाड़ी से पत्थर गिरने का भय बना रहता था, वहीं इस समस्या का समाधान होने से तीर्थयात्रियों ने राहत की सांस ली है। इसके अलावा कुंड से गुप्तकाशी के बीच लगने वाले लम्बे जाम से भी निजात मिल गई है। ब्यूंगगाड़ और सीतापुर सहित अन्य स्थानों पर भी राजमार्ग के डेंजर प्वाइंटों को सुरक्षित किया गया है। राजमार्ग पर जगह–जगह बने डेंजर जोन का ट्रीटमेंट किया गया है, तो कई जगहों पर पार्किंगों का भी निर्माण किया गया है। यात्रा मार्ग पर जगह–जगह तैनात पुलिस और यात्रा प्रबंधन बल की टीमें तीर्थयात्रियों की मदद करने में जुटी हुई हैं। पार्किंगों के निर्माण से देश–विदेश से यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को काफी राहत मिल रही है।

**पद्म श्री पुरस्कार**

उत्तराखंड की राधा भट्ट को सामाजिक कार्य और ह्यूग गैंट्ज़र और कोलीन गैंट्ज़र को मरणोपरांत साहित्य व शिक्षा के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किए जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये इसे राज्य का भी सम्मान बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के सुदूर इलाके में जन्मी पद्मश्री से सम्मानित होने वाली राधा भट्ट का पर्यावरण और समाज सेवा के साथ महिला शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा योगदान रहा है। वह हिमालय सेवा संघ, नई दिल्ली की अध्यक्ष होने के नाते कई गांधीवादी संस्थाओं से जुड़ी रही हैं

और उन्हें पहले भी अनेक प्रतिष्ठित पुरुस्कारों से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री ने पद्मश्री से सम्मानित ह्यूग गैंट्ज़र को उत्तराखंड का प्रसिद्ध यात्रा वृतांत लेखक बताते हुए कहा कि उनके यात्रा वृतान्तों से भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी संख्या में लेख लिखने के लिए लोग प्रेरित हुए। जबकि कोलीन गैंट्ज़र ने तीन जार से अधिक लेख, कॉलम और पत्रिका फीचर्स लिखे हैं और 30 से अधिक पुस्तकें लिखी हैं। उन्होंने भारत में यात्रा लेखन के उच्च मानक स्थापित किए। उन्होंने अपनी लेखनी के द्वारा पाठकों के मन में देश के प्रति प्रेम को और गहरा ही नहीं किया, बल्कि कई लेखकों को प्रेरित भी किया।

## राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से नैनीताल राजभवन में मुख्य विकास अधिकारी अनामिका ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने मुख्य विकास अधिकारी से जिले में विकास कार्यों के साथ ही महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की मार्केटिंग और ब्रांडिंग के लिए किए जा रहे विभागीय प्रयासों के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने कहा कि ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने के लिए इन समूहों को प्रोत्साहित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जिले में पंजीकृत होम स्टे इकाइयों की जानकारी लेते हुए उनकी संख्या में वृद्धि की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में स्थानीय सहभागिता को बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक होम स्टे पंजीकृत किए जाने चाहिए। इस दौरान राज्यपाल ने प्रभागीय वनाधिकारी चंद्रशेखर जोशी से वन विभाग की गतिविधियों, विशेषकर वनाग्नि की घटनाओं और उन्हें रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी ली। उन्होंने वन विभाग द्वारा नैनीताल जिले में पीरूल प्रबंधन से वनाग्नि की रोकथाम के लिए किए गए कार्यों की सराहना करते हुए इस दिशा में एक प्रभावी और दीर्घकालिक कार्ययोजना की जरूरत बताई।

## पुलिस फिट इंडिया

उत्तराखण्ड में स्वस्थ राज्य और सशक्त राष्ट्र की दिशा में मुख्यमंत्री की "फिट उत्तराखण्ड" पहल को कुमाऊं परिक्षेत्र की पुलिस सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रही है। इसी क्रम में पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल ने सभी जिला प्रभारियों को निर्देश जारी करते हुए पुलिस कर्मियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा है। सभी जिलों में प्रतिसार निरीक्षकों को पुलिस स्वास्थ्य कल्याण अधिकारी नामित किया गया है। मोटापे, उच्च रक्तचाप व मधुमेह जैसे रोगों से प्रभावित कर्मियों को चिन्हित कर प्रत्येक शुक्रवार को परेड में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही उनका चिकित्सकीय परीक्षण कराकर पोषण विशेषज्ञों से परामर्श दिलाया जाएगा, ताकि उनकी जीवन शैली में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। साथ ही गंभीर रोगों से पीड़ित कर्मियों को प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य केवल रोगों की रोकथाम और उपचार करना ही नहीं, बल्कि उत्तराखण्ड पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य को सजग, सक्रिय और जिम्मेदार बनाए रखना भी है। जिससे पुलिस विभाग न केवल अनुशासन में, बल्कि मानवीय संवेदनाओं में भी आदर्श स्थापित कर सके।

## मौसम

प्रदेश में आज और कल उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, देहरादून, नैनीताल, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में कहीं—कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान राज्य के पर्वतीय जिलों में कहीं—कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और बारिश के तीव्र दौर के साथ ही झोंकेदार हवाएं चलने की भी संभावना है।

## राष्ट्रीय विकसित कृषि संकल्प अभियान

विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा के निदेशक डॉ. लक्ष्मी कांत ने आगामी 29 मई से 12 जून तक चलाए जा रहे राष्ट्रीय विकसित कृषि संकल्प अभियान के संदर्भ में कृषि और उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत संस्थान, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, कृषि और उद्यान विभाग के अधिकारी उत्तराखंड के विभिन्न गांवों में जाकर किसानों से सीधा संवाद करेंगे। इस दौरान किसानों को उन्नत तकनीकों, जलवायु–अनुकूल खेती, बीज चयन, मृदा प्रबंधन, जैविक खेती और कृषि यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत अल्मोड़ा जिले के 414 गांवों में कृषि वैज्ञानिकों की 135 टीमें किसानों को पारंपरिक और आधुनिक खेती के बारे में जानकारी देंगे।

## योग कार्यक्रम

रुद्रप्रयाग जिले जखोली विकासखंड में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारियों के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को योग के प्रति जागरूक करने के साथ ही स्वस्थ्य जीवन शैली को बढ़ावा देना है। योग अनुदेशक विजय राणा और मनीषा भट्ट ने लोगों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियां सिखाईं। प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर योग को जीवन में अपनाने का संकल्प किया। इस अवसर पर जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. रघुवीर सिंह ने कहा कि योग हमारे ऋषि मुनियों की अमूल्य देन है। उन्होंने बताया कि यह न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत जरूरी है। उन्होंने आम जन से अपील करते हुए आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आह्वान किया।